प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की कल दोपहर होगी घोषणा, लोकसभा आम चुनाव के साथ ही कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम भी किये जायेंगे घोषित।
2. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चतरा में केंद्र सरकार की गिनाई उपलब्धियां, रांची में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ की क्लसटर बैठक, कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए किया प्रोत्साहित।
3. मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पोटका में डिग्री महाविद्यालय का किया शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का किया वितरण, कहा– विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की मिलेगी सुविधा।
4. प्रवर्तन निदेशालय ने बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को 4 अप्रैल और उनके भाई अंकित साव को
5. अप्रैल को हाजिर हाने के लिए जारी किया समन।

*******

निर्वाचन आयोग द्वारा कल लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा दोपहर तीन बजे की जाएगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कल दोपहर चुनावी तिथियों की जानकारी दी जाएगी। लोकसभा चुनाव के साथ–साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित किया जाएगा। वहीं, दोनों नवनियुक्त निर्वाचन आयुक्तों ने आज अपना कार्यभार संभाला और आगामी चुनाव की तैयारियों की जानकारी ली।

*******

लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के पहले महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक झारखंड की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी आवश्यक पहलुओं पर समीक्षा की गई।

*******

पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने डिग्री महाविद्यालय का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस महाविद्यालय का करीब उनचालीस करोड़ चौरानबे लाख रुपये की लागत से निर्माण किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न योजना का भी शिलान्यास और उद्घाटन किया साथ ही लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण भी किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि पोटका में डिग्री महाविद्यालय होने से यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

*******

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रांची में भाजपा के प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेताओं के साथ लोकसभा से जुड़े क्लस्टर बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में रांची, खूंटी और लोहरदगा लोकसभा विधानसभा कोर कमेटी एवं लोकसभा प्रबंधन समिति से जुड़े कार्यकर्ता भी सम्मिलित रहे। रक्षा मंत्री ने बैठक में अपने संबोधन के माध्यम से केंद्रीय नेतृत्व के माध्यम से किए गए झारखंड में जनहित के कार्यों के विषय में बताया और साथ ही कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव को लेकर जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित भी किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी चौदह सीटों पर एनडीए गठबंधन जीत हासिल करेगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एकदिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। वहीं, श्री सिंह ने चतरा के इटखोरी में मां भद्रकाली की पूजा–अर्चना कर देश के कल्याण के लिए मनोकामना की। लोक सभा चुनाव के तारीखों की घोषणा से पूर्व इटखोरी में पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में चतरा के विकास से जुड़े कई कार्यों का प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया है।

*******

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने प्रसार भारती के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के लिए चयन समिति की आज उपराष्ट्रपति निवास में अध्यक्षता की। भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्याय मूर्ति रंजना प्रकाश देशाई तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू बैठक में उपस्थित थे।

*******

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरल में लोकसभा चुनाव अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर श्री मोदी ने लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में एक लाख से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित किया। बैठक में श्री मोदी ने कहा कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में केरल से सीटें जीतेगी। केरल में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ पर हमला करते हुए उन्होंने आगे कहा कि राज्य के लोगों को भ्रष्टाचार और अक्षमता से ग्रस्त सरकारों के तहत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

*******

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक अब 16 मार्च को दोपहर 12 बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने यह जानकारी दी है। यह बैठक झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

*******

गोड्डा जिले के महागामा में राजमहल कोल् परियोजना प्रबंधन के अधिकारियों, रैयतों और प्रशासन की त्रिपक्षीय बैठक हुई। कोयला खदान में भू स्थापितों की विभिन्न समस्याओं के समाधान लिए यह बैठक की गई। सिमरा गांव एवं आसपास के क्षेत्र में परियोजना को कोयला खदान के लिए जमीन लेने में परेशानी हो रही है। गांव के सभी रैयत को एक जगह बसाने के लिए कार्यवाही चल रही है। राजमहल कॉल परियोजना के विस्थापित अपने गांव में शुद्ध जल एवं रहिने के लिए प्लॉट आवंटित करने की मांग कर रहे हैं. रैयतो ने कहा कि वे डंपिंग वाले स्थान पर नहीं बसेंगे। आगामी बैठक 27 मार्च को बोआरीजोर अंचल में होगी।

*******

राज्य में संचालित 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में नामांकन के लिए आज शाम चार बजे तक 36 हजार 2 सौ 29 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन करने वाले बच्चे दिनांक 18 से 21 मार्च तक प्रवेश परीक्षा से संबंधित एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकेंगे। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 22 मार्च को आयोजित की जायेगी।

*******

झारखंड हाई कोर्ट में रांची के बरियातू की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध तरीके से खरीद–बिक्री मामले रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका की आंशिक सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से बहस की गई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है।

*******

लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लोहरदगा समाहरणालय मैदान में आयोजित जिला स्तरीय पुस्तक मेला–सह–विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि बेहतर ज्ञान और मस्तिष्क के सही विकास के लिए किताबों का अध्ययन सबसे श्रेष्ठ रास्ता है। सोशल मीडिया के माध्यम से कई तरह की सामग्री हमें उपलब्ध होती है लेकिन वे विश्वसनीय और सही कसौटी पर परखी नहीं होती हैं। किताबों से इतिहास, अर्थशास्त्र, अपने आसपास की चीजों को बेहतर ढंग से समझने का मौका मिलता है।

*******

रांची में आज झारखंड कौशल प्रतियोगिता इंडिया स्किल पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रत्येक 2 वर्ष पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में 15 अलग–अलग ट्रेड में चयनित 237 प्रतिभागियों को आज सम्मानित किया गया। श्रम विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में स्किल के साथ सॉफ्ट स्किल की जरूरत है। आने वाला वक्त आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीनोम मैपिंग और वेब डेवलपर जैसे स्किल सेक्टर में युवाओं को अपना भविष्य तलाशने की जरूरत है।

*******समाप्त********